# ISWK SHARING KNOWLEDGE

## Class- VI

## Subject - Hindi Third Language

## Topic - छुट्टी नहीं ली मैंने (संवाद)

• Done By-Chitra B

©ISWK

# पाठ - छुट्टी नहीं ली मैंने

## संवाद

### पाठ परिचय

इस पाठ में बच्चों व सूर्य के बीच की बातचीत से सूर्यग्रहण लगने, बादल व इंद्रधनुष बनने की जानकारी मिलती है |





# पात्र (Characters)


वेंकटेश



शैलजा



सूर्य



# 7 छुट्टी नहीं ली मैंने

*मन से-मुख से...* • 'सात' से संबंधित कुछ वस्तुओं (दिनों) के नाम बताएँ।
• रविवार के दिन क्या होता है?

वेंकटेश शैलजा सूर्य



— अरे! आज यह क्या हो गया? कितना अँधेरा हो गया है! कैसे खेलें? ये सूर्यदेव कहाँ चले गए? क्या सूर्यदेव आज छुट्टी पर हैं?


— वेंकटेश, मेरी दादी कह रही थीं कि आज सूर्यग्रहण है।

— सही कहा तुमने। सूर्यग्रहण लगने पर अँधेरा हो जाता है।

*ग्रहणवाले सूर्य का प्रवेश*

— अरे! तुम सब भी तो छुट्टी लेते हो, मैंने थोड़ी देर की छुट्टी ली तो इतना शोर क्यों?

— सूर्य जी, जब बादल आते हैं तब भी आप छुट्टी पर ही रहते हैं।





## शब्दार्थ

अँधेरा – Dark

खेलें – Play

सूर्यदेव – Sun God

सूर्यग्रहण – Solar Eclipse

छुट्टी – Holiday

शोर – Noise

बादल – cloud

– न-न-न! तब तो बादल मुझे ढक लेते हैं। मैं तो अपना काम करता ही रहता हूँ।


– काम! आप क्या काम करते हैं?

– मैं, मैं बादल लाता हूँ और वर्षा करता हूँ।

– वह कैसे?

– अपनी तेज़ किरणों से तालाबों, नदियों, समुद्रों आदि का जल सुखाकर भाप बनाता हूँ, जो ऊपर की ठंडक से बादल बन जाती है। यही बादल फिर वर्षा लाते हैं।










## शब्दार्थ

| | | |
|---|---|---|
| ढक – Cover, | काम – Work, | वर्षा – Rain, |
| तेज़ किरणों – Strong rays, | तालाबों – The pounds, | नदियों – The rivers, |
| समुद्रों – The seas, | जल – Water, | सुखाकर – Dried, |
| भाप – Steam, | ठंडक – Coolness | |

— और वर्षा के बाद इंद्रधनुष भी दिखाई देता है।

— हाँ-हाँ! हमें इंद्रधनुष बहुत सुंदर लगता है। सात रंग होते हैं उसमें!

— बच्चो! इंद्रधनुष में रंग भरने का काम भी मैं ही करता हूँ।

— वह कैसे?


— देखो, पानी की बूँदों से जब मेरी किरणें गुज़रती हैं तो मैं अपने प्रकाश से उनमें सातों रंग बिखेर देता हूँ। उन रंगों से ही तो इंद्रधनुष बनता है।

— वाह! यह तो आपने नई बात बताई। मुझे सात रंगों के नाम क्रम से आते हैं — लाल, नारंगी, पीला, हरा, आसमानी, नीला, बैंगनी।

— ये तो हुए ऊपर से नीचे आते रंग! अब नीचे से ऊपर जाते रंगों के नाम भी तो बोलो।










## शब्दार्थ

वर्षा – Rain, इंद्रधनुष– Rainbow,

सुंदर– Beautiful, सात रंग – Seven Colours,

रंग भरने – Filling colour, पानी की बूँदों – Water droplets, किरणें – Rays, गुज़रती – Pass,

प्रकाश – Light, बिखेर देना – Disintegrate ,

ऊपर से नीचे – Top to Bottom,

नीचे से ऊपर – Bottom to Top

— बैंगनी, नीला, आसमानी, हरा, पीला, नारंगी, लाल! हैं न सही?

— बिलकुल सही।

— मैं भी एक इंद्रधनुष बनाऊँगा।

— तुम मुझसे रंग ले लेना और अपने इंद्रधनुष में भर देना।

— लेकिन आपने यह बताया ही नहीं कि आपने आज छुट्टी क्यों ली?

— छुट्टी नहीं ली मैंने। मेरे आगे तो चंद्रमा आकर खड़ा हो गया है। जिसके कारण मैं तुम्हें दिखाई नहीं दे रहा हूँ।

— तो फिर आप कब आएँगे?

— बस! मेरे आगे से चंद्रमा हटेगा और मैं आ जाऊँगा।

— देखो-देखो, सूर्यदेव सामने आ रहे हैं। लगता है, चंद्रमा जी चले गए।

— लो बच्चो! मैं आ गया।


— ज़रा सूर्यदेव का रंग तो देखो! बिलकुल लाल है। आकाश कितना सुंदर लग रहा है! ऐसा लगता है मानो किसी चित्रकार ने सुंदर चित्र बना दिया हो।

— सचमुच।














आगे– Ahead, चंद्रमा– Moon

खड़ा– Stand, चित्रकार– Painter

चित्र– Picture, सचमुच– Really

**शब्दार्थ**




# शब्दार्थ Word Meaning



| | | |
|---|---|---|
| सूर्यग्रहण | - | solar eclipse |
| बादल | - | clouds |
| तालाब | - | pond |
| समुद्र | - | sea |
| ठंडक | - | cooling |
| इंद्रधनुष | - | rainbow |
| प्रकाश | - | light |
| चित्रकार | - | artist |

| | | |
|---|---|---|
| अँधेरा | - | dark |
| छुट्‌टी | - | holiday |
| किरण | - | ray |
| नदी | - | river |
| भाप | - | steam |
| वर्षा | - | rain |
| रंग | - | colour |
| चंद्रमा | - | moon |



# अभ्यास (*Exercises*)

Text Book में कीजिए |

Pg. 52



1. सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option -----*

क. जल को भाप कौन बनाता है ?

सूर्य चंद्रमा तारे इंद्रधनुष

ख. इंद्रधनुष में कितने रंग होते है ?

पाँच छह सात चार

ग. सूर्यग्रहण के समय सूर्य के आगे कौन खड़ा हो गया था ?

तारा चंद्रमा ग्रह धरती

उत्तर= क. सूर्य ख. सात ग. चंद्रमा



Text Book में कीजिए |

Pg. 52



सही शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए |

*Complete the sentences with the correct words*

| |
|---|
| बादल |
| आकाश |
| इंद्रधनुष |
| सूर्यग्रहण |

क. ............... लगने पर अँधेरा हो जाता है |

ख. भाप वायुमंडल की ठंडक से ............... बन जाती है |

ग. वर्षा के बाद ............... दिखाई देता है |

घ. ............... कितना सुंदर लग रहा है |

उत्तर= क. सूर्यग्रहण ख. बादल ग. इंद्रधनुष घ. आकाश





Pg. 54

Note Book में कीजिए |



विलोम शब्द | Opposite Words.

| | | | |
|---|---|---|---|
| सरदी - | गरमी | बड़ा - | छोटा |
| मोटा - | पतला | नया - | पुराना |
| काला - | सफ़ेद | सूखा - | गीला |



Pg. 55

हिंदी अर्थ लिखिए | (Write Hindi Meanings.)

| | | | |
|---|---|---|---|
| Artist - | कलाकार | Steam - | भाप |
| Picture - | चित्र | Rain - | वर्षा |
| Moon - | चंद्रमा | Colour - | रंग |
| River - | नदी | Clouds - | बादल |



Pg. 55

## वर्तनी शुद्ध कीजिए | (Correct the spellings.)

| | | | |
|---|---|---|---|
| सूॅय – | सूर्य | अंधेरा – | अँधेरा |
| तलाब – | तालाब | इँद्रधनुष – | इंद्रधनुष |
| असमानी – | आसमानी | चीत्रकार – | चित्रकार |



Note Book में कीजिए |

## वाक्य बनाइए | ( Make sentences.)

सूर्य – सूर्य हमें गरमी देता है ।

चंद्रमा – चंद्रमा का प्रकाश शीतल होता है ।

बादल – आसमान में काले-काले बादल छा गए ।

तालाब – तालाब का पानी सूख गया ।

समुद्र – समुद्र का पानी खारा होता है ।



Note Book
में कीजिए |



विशेषण
**Adjective**

विशेषण शब्द रेखांकित कीजिए | ( उत्तर )

क. मीना के पिता ने पुरानी गाड़ी बेच दी | — क. पुरानी

ख. रोहन की बहन मेहनती है | — ख. मेहनती

ग. माँ दादीजी के लिए नीली साड़ी लाईं | — ग. नीली

घ. इस तेज़ धूप में घर से निकलना मुश्किल है। — घ. तेज़

ङ. सात लड़के मैदान में भाग रहे थें | — ङ. सात

च. राहुल चाय में थोड़ी चीनी डाल दो | — च. थोड़ी





# उपसर्ग ( Prefix)

उपसर्ग वे शब्दांश हैं, जो शब्द के प्रारंभ में लगकर नया शब्द बनाते हैं।

Prefix- An element placed at the beginning of a word to adjust or qualify its meaning.

सु + पुत्र = सुपुत्र

वि + ज्ञान = विज्ञान

(Notebook में कीजिए)

## उपसर्ग व मूल शब्द अलग कीजिए |

| | उपसर्ग | मूलशब्द |
|---|---|---|
| i) सुलेख = | सु | लेख |
| ii) असफल = | अ | सफल |
| iii) भरपेट = | भर | पेट |
| iv) सुपुत्र = | सु | पुत्र |
| v) निडर = | नि | डर |
| vi) कुमार्ग = | कु | मार्ग |

# प्रत्यय ( Suffix)

जो शब्दांश किसी शब्द के अंत में जोड़े जाते हैं और जिनके जोड़ने से शब्द का अर्थ बदल जाता है उन्हें प्रत्यय कहते हैं ।

A suffix is a letter or a group of letters which is added to the end of a word in order to form a different word , often of a different word class.

मानव + ता = मानवता

पढ़ + आई = पढ़ाई

Note Book में कीजिए |

प्रत्यय व मूल शब्द अलग कीजिए |

| | मूलशब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|
| i) मित्रता = | मित्र | ता |
| ii) चोरी = | चोर | ई |
| iii) धनवान = | धन | वान |
| iv) चित्रकार = | चित्र | कार |
| v) दोस्ती = | दोस्त | ई |
| vi) सुंदरता = | सुंदर | ता |


Pg. 53

# प्रश्नोत्तर



क. बादल कैसे बनते हैं ?

उत्तर = सूर्य की गर्मी से सभी जल स्रोतों का जल गरम होकर भाप बन जाता है और भाप ऊपर की ठंडक से जमकर बादल बन जाती है ।



ख. इंद्रधनुष के रंगों के नाम क्रम से लिखिए ।

उत्तर = लाल, नारंगी, पीला, हरा, आसमानी, नीला, बैंगनी ।



ग. इंद्रधनुष में रंग भरने का काम कौन करता है ?

उत्तर = इंद्रधनुष में रंग भरने का काम सूर्य करता है । वर्षा के बाद जब सूर्य की किरणें पानी की बूँदों पर पड़ती हैं तो वे सात रंगों में अलग हो जाती हैं; ये सात रंग हमें इंद्रधनुष के रूप में दिखाई देते हैं ।

Pg. 53

# प्रश्नोत्तर



घ. सूर्य आपके सामने होता तो आप उससे क्या पूछते ?

उत्तर = यदि सूर्य मेरे सामने होता तो मैं उससे पूछता कि

i आप इतने गर्म क्यों हो?

ii आप चारों तरफ़ रोशनी क्यों फैलाते हो?

iii आप इतने चमकीले क्यों हो?

iv आप इतने बड़े व गोल क्यों हो?



